राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक 10–07–2015

–: प्रेस नोट :–

राज्य पात्रता परीक्षा, 2012 के जिन अभ्यर्थियों ने 1102 विस्तृत आवेदन पत्र आयोग को प्रस्तुत नहीं किये है अथवा विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले संलग्नको यथा शैक्षणिक योग्यता स्नातकोत्तर परीक्षा की पूर्वाद्व व उत्तर्राद्व की अंक तालिका व उपाधि या अस्थायी प्रमाण पत्र की फोटोप्रति एवं **जाति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र एवं मूल निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रतियां (Original)** मय फोटो प्रति आयोग कार्यालय को प्रस्तुत नहीं की है, वे अभ्यर्थी वांछित दस्तावेज आयोग कार्यालय में दिनांक 10.07.2015 तक सांय 6.00 बजे तक (व्यक्तिशः/डाक) द्वारा आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे।

राज्य पात्रता परीक्षा 2012 के उपरोक्त अभ्यर्थियों को SMS के द्वारा सूचित किया जा चुका है फिर भी अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए आयोग की Website पर अभ्यर्थियों का Status Load कर दिये गये है जिससे अभ्यर्थी द्वारा जो औपचारिकताएं पूर्ण की जानी है उसकी जानकारी मिल सकती है । इन अभ्यर्थियों को एक अवसर ओर देते हुए निर्देशित किया जाता है कि वे वांछित दस्तावेज दिनांक **20.07.2015 की सांय 6.00** बजे तक (व्यक्तिशः/डाक) द्वारा आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें। इसके पश्चात् उनकी पात्रता निरस्त करने संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

जिन अभ्यर्थियो द्वारा पूर्व में विस्तृत आवेदन पत्र/दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए है, उन्हे दुबारा प्रस्तुत करने की आवश्यकता नही है ।

(नरेश कुमार ठकराल)

सचिव